भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 4342

जिसका उत्तर 19.03.2020 को दिया जाना है

एनएच-102बी की डीपीआर की स्थिति

4342. डॉ॰ लोरहो फोज़ः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मणिपुर राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-102बी के निर्माण हेतु विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) अंतिम रूप से तैयार कर ली गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और परियोजना की अनुमानित लागत कितनी है और परियोजना को पूरा करने के लिए निर्धारित समय-सीमा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो विलंब के क्या कारण हैं और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है और सरकार द्वारा उक्त डीपीआर को शीघ्र तैयार किए जाने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) प्रक्रिया में सम्मिलित एजेन्सियों का ब्यौरा क्या है और इनकी भूमिका और उत्तरदायित्व क्या हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) : जी हाँ,

(ख) और (ग): मणिपुर राज्य में रारा-102बी पर चुराचनपुर-तुवाई की 141.029 किमी की पूरी लंबाई के लिए 1390 करोड़ रुपये (लगभग) की अनुमानित परियोजना लागत पर डीपीआर को पूरा कर लिया गया है। सड़क को पूरा किए जाने की अवधि निर्धारित तिथि से 2 वर्ष है।

(घ) : प्रक्रिया में निम्न एजेन्सियाँ शामिल हैं:

i) एनएचआईडीसीएल- डीपीआर तैयार करना और परियोजना का कार्यान्वयन

ii) मणिपुर, राज्य सरकार- भूमि अधिग्रहण और निर्माण-पूर्व गतिविधियाँ

*****